# INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR
## FINAL EXAMINATION 2024-25
SUBJECT- HINDI ($2^{ND}$ LANG.)

CLASS-VI | MAX. MARKS: 80

Date:13-03-2025 | SET: 2 | Time: 3 hours

***Ge**neral Instructions:*
1. *All questions are compulsory.*
2. *Please write down the serial number of the question before attempting it.*
3. *The question paper consists of **12** questions divided into **4** Sections.*
4. *There is no overall choice. However, internal choices have been provided*
5. *This question paper consists of **5** printed pages.*

## खंड–क (अपठित गद्यांश)

प्रश्न 1- दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनिए | 6

एक प्रसिद्ध राजा थे जिनका नाम रामसेवक था। अपने नाम की ही तरह प्रजा की सेवा ही उनका धर्म था| उनकी प्रजा भी उन्हें राजा राम की तरह ही पूजती थी। उनका गुणगान तो शत्रु राजा तक करते थे। पर पड़ोसी राजा भीम सिंह को राजा रामसेवक की प्रसिद्धि से जलन होती थी। इसलिए भीम सिंह ने राजा रामसेवक के राज्य पर हमला कर दिया और छल से युद्ध जीत लिया और रामसेवक को जंगलों में जाना पड़ा। पर रामसेवक की लोकप्रियता में कोई कमी नहीं आई । जिससे भीम सिंह को चैन न था। उसने राजा रामसेवक को मृत्युदंड देने का फैसला किया।राजा भीम सिंह ने ऐलान किया कि जो राजा रामसेवक को पकड़कर उसके सामने लाएगा वह उसे सोने के 100 सिक्के देगा। राजा रामसेवक को जंगल में एक अनजान आदमी मिला और उसने कहा, “भाई तुम इसी जंगल के लगते हो, क्या मुझे राजा रामसेवक के राज्य का रास्ता बता सकते हो?” राजा रामसेवक ने पूछा तुम्हें क्या काम है राजा से? उसने कहा मेरा बेटा बीमार है| उसके इलाज में सारा धन चला गया। सुना है राजा रामसेवक सभी की मदद करते हैं| सोचा उन्हीं से मदद माँगूँ। यह सुनकर राजा रामसेवक उसे अपने साथ लेकर भीम सिंह के पास पहुँचे। राजा रामसेवक ने कहा, “हे राजन! आपने मुझे खोजने वाले को सोने के 100 सिक्के देने का वादा किया था। इस मित्र ने मुझे आपके सामने पेश किया है अतः इसे आप सोने के सौ सिक्के दे दें।“ यह सुनकर राजा भीम सिंह को एहसास हुआ कि राजा रामसेवक सच में कितने महान है। उसने अपनी गलती को मान ली और उसने राजा रामसेवक को उनका राज्य लौटा दिया।

सीख - अच्छाई का अंत सदा सुख देने वाला होता है।

क- अपने नाम की ही तरह प्रजा की सेवा करना किस राजा का धर्म था?

*राजा रामसेवक का * राजा रामधन का * राजा धनंजय का * राजा जयराज का

ख- राजा रामसेवक की प्रसिद्धि से किस राजा को जलन होती थी?

* राजा मानसिंह को * राजा भीमसिंह को * राजा जयसिंह को * राजा देवसिंह को

ग- राजा भीमसिंह ने युद्ध कैसे जीता?

* छल से * वीरता से * योजना बनाकर * सैनिकों की सहायता से

घ- राजा रामसेवक को मृत्युदंड देने का फैसला किसने किया?

* राजा भीमसिंह ने * मंत्री ने * जज ने * सेनापति ने

ङ- राजा भीमसिंह ने राजा रामसेवक को पकड़कर लानेवाले को क्या देने का ऐलान किया ?

* सोने के 100 सिक्के * 200 सिक्के * 300 सिक्के *400 सिक्के

च-"भाई तुम इसी जंगल के लगते हो क्या मुझे राजा रामसेवक के राज्य का रास्ता बता सकते हो?" किसने कहा?

*मंत्री ने * दुकानदार ने * अनजान आदमी ने * सेनापति ने

प्रश्न 2- दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनिए| 6

पुराने समय की बात है| दो भाई एक जंगल के नज़दीक रहते थे। बड़ा भाई अपने छोटे भाई के साथ बहुत बुरा व्यवहार करता था। न उसे भरपेट खाना देता था और न ही अच्छे कपड़े। एक दिन बड़ा भाई, कुछ लकड़ियाँ इक्कठा करने जंगल में गया। जैसे ही वह एक पेड़ की शाखाएँ काटकर आगे बढ़ा, उसकी मुलाकात एक जादुई पेड़ से हुई। पेड़ ने उससे कहा, "हे दयालु! आप मेरी शाखाओं को न काटें। यदि आप मुझे छोड़ देते हैं तो मैं आपको अपने सुनहरे सेब दूँगा|" बड़ा भाई मान गया लेकिन वह अधिक सेव चाहता था| लालच के कारण उसने पेड़ को डराया कि यदि पेड़ ने उसे अधिक सेब नहीं दिए तो वह उसकी पूरी शाखाएँ काट देगा। सेब देने के बजाय, जादुई पेड़ ने उसपर सैकड़ों छोटी सुइयों की वर्षा कर दी। वह दर्द के कारण ज़मीन पर गिर गया और धीरे–धीरे सूरज ढलने लगा। यहाँ छोटा भाई चिंतित हो गया कि बहुत देर हो गई| बड़े भाई अभी तक जंगल से नहीं आए। वह अपने बड़े भाई की तलाश में निकल पड़ा| उसने देखा कि भाई ज़मीन पर गिरे हैं और उनके शरीर पर सैकड़ों सुइयाँ चुभी हैं। वह उसकी तरफ़ दौड़ा और उसने प्रत्येक सुई बहुत सावधानी और प्यार से निकाली। बड़े भाई ने उसके साथ बुरा व्यवहार करने के लिए माफ़ी माँगी। पेड़ ने बड़े भाई के बदलाव के कारण उन्हें बहुत सारे सुनहरे सेब दे दिए, जिससे उनको जीवन में कभी कोई कमी महसूस नहीं हुई।

क- एक जंगल के नज़दीक कौन रहते थे ?

* दो भाई * दो बंदर * दो हँस * दो शेर

ख- बड़ा भाई लकड़ियाँ इक्कठा करने कहाँ गया था?

* छत्त पर * जंगल में * नदी के किनारे * गाँव में.

ग- जंगल में बड़े भाई की मुलाकात किससे हुई?

* एक राजा से * एक जादुई पेड़ से * एक हिरण से * एक कछुए से

घ- पेड़ ने अपनी शाखाओं को न काटने के बदले उसे क्या देने को कहा?

* अपने सुनहरे सेब * अपने सुनहरे पत्ते * सुनहरे फूल * सुनहरे काँटे

ङ-"यदि पेड़ ने उसे अधिक सेब नहीं दिए तो वह उसकी पूरी शाखाएँ काट देगा'।किसने कहा?

* बड़े भाई ने * सेब ने * जंगल ने * छोटे भाई ने

च - जादुई पेड़ ने बड़े भाई पर किसकी वर्षा कर दी ?

* सैकड़ों छोटी सुइयों की * पत्तों की * फूलों की *पैसों की

## खंड–ख (व्याकरण भाग)

प्रश्न3- क - किन्हीं दो शब्दों के दो-दो पर्यायवाची लिखिए। रात्रि, आँख, जननी, पुत्री 2

ख - दिए गए शब्दों के विलोम लिखिए । बहुत, राजा, मानव, शुद्ध 2

ग - किन्हीं दो उपसर्गों से दो-दो शब्द बनाइए। निर्, हम , वि, अप 2

घ - किन्हीं दो प्रत्ययों से दो-दो शब्द बनाइए ।   पन,   आपा,   नाक,   ईन   2

ङ - किन्हीं दो वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए।   2

दया करनेवाला-, जो मेहनत करता है, जल में रहनेवाला, स्वयं सेवा करनेवाला

च - दिए गए शब्दों से भाववाचक संज्ञा शब्द बनाइए।   चोर, आप, प्रभु, प्यासा   2

प्रश्न4- क- दिए गए वाक्यों में से सर्वनाम शब्द छाँट कर लिखिए।   2

उसकी आँख में कुछ गिर गया।   जैसी करनी, वैसी भरनी।

ख - निम्नलिखित वाक्यों में काल पहचान कर लिखिए।   2

गीता ने गीत गाया।   मुकेश चित्र बना रहा है।

ग -दिए गए शब्दों में उचित स्थान पर अनुस्वार का प्रयोग करते हुए शब्दों को पुनःलिखिए।   2

नालदा, अतर, अक, तगी

घ - दिए गए शब्दों में उचित स्थान पर अनुनासिक का प्रयोग करके शब्दों को पुनः लिखिए।   2

बंटवारा, आंख, कांटा, गांव

ङ - निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कर के फिर से लिखिए ।   2

क्या आप नाश्ता कर लिए हैं।   गाय घास चर रहा है।

च - निम्नलिखित में से किन्हीं दो मुहावरों को वाक्यों में प्रयोग कीजिए।   2

उन्नीस-बीस का अंतर, एड़ी चोटी का जोर लगाना, अंग-अंग ढीला होना, दुम दबाकर भागना

## खंड-ग (पाठ्य पुस्तक)

प्रश्न 5- निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनिए।   5

रण – बीच चौकड़ी भर-भरकर
चेतक बन गया निराला था।
राणा प्रताप के घोड़े से
पड़ गया हवा को पाला था।
गिरता न कभी चेतक तन पर
राणा प्रताप का कोड़ा था।
वह दौड़ रहा अरि-मस्तक पर
या आसमान का घोड़ा था ।

क - चेतक रण-बीच क्या भरता था ?

* चौकड़ी   *थैला   * पानी   * रंग

ख - निराला कौन था?

* चेतक   * शत्रु   * कोड़ा   * राणा प्रताप

ग - कविता के अनुसार राणा प्रताप के घोड़े से किसको पाला पड़ गया था?

* पानी को   * हवा को   * धूप को   * वर्षा को

घ - चेतक तन पर किसे कोड़े नहीं लगाने पड़ते थे?

* राणा प्रताप को * सैनिक को * राजा को * शत्रु को

ङ - ये पक्तियाँ किस कविता से ली गई हैं?

* दोहे *चेतक की वीरता * मातृभूमि * मैया मैं नहिं माखन खायो

प्रश्न 6- निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनिए। 5

बाबा जी भी मनुष्य ही थे। अपनी वस्तु की प्रशंसा दूसरे के मुख से सुनने के लिए उनका हृदय भी अधीर हो गया। घोड़े को खोलकर बाहर लाए और उसकी पीठ पर हाथ फेरने लगे। एकाएक उचककर सवार हो गए। घोड़ा वायु-वेग से उड़ने लगा। उसकी चाल देखकर, उसकी गति देखकर खड्गसिंह के हृदय पर साँप लोट गया। वह डाकू था और जो वस्तु उसे पसंद आ जाए उस पर अपना अधिकार समझता था। उसके पास बाहुबल था आदमी थे और बेरहमी थी। जाते-जाते उसने कहा, "बाबा जी, मैं यह घोड़ा आपके पास न रहने दूँगा।"

क - अपनी वस्तु की प्रशंसा सुनने के लिए किसका हृदय अधीर हो गया?

* बाबा जी का * डाकू का * राजा का * सेवक का

ख - बाबा जी घोड़े पर कैसे सवार हुए थे?

* धीरे से * उचककर * तेजी से * संभलकर

ग - घोड़े की चाल देखकर, उसकी गति देखकर किसके हृदय पर साँप लोट गया था?

* खड्गसिंह के *सेनापति के * सेठ जी के * बाबा जी के

घ - खड्गसिंह कौन था ?

* सेवक था * सिपाही था * डाकू था * किसान था

ङ - "बाबा जी, मैं यह घोड़ा आपके पास न रहने दूँगा।" किसने कहा?

* खड्गसिंह ने * बूढ़े ने * जमींदार ने * राजकुमार ने

प्रश्न 7- निम्नलिखित में से किन्हीं 5 प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में दीजिए- 5

क- रहीम ने किस धागे को न तोड़ने के लिए कहा है?

ख- बिस्मिल जी ने अपनी आत्मकथा कहाँ लिखी थी?

ग- सुजानसिंह ने कितने वर्षों तक रियासत की सेवा की?

घ- श्रीकृष्ण कितने पहर गाएँ चराते थे?

ड.- चेतक किसका घोड़ा था?

च- मैया मैं नहिं माखन खायो (पद) में किसने कहा,"मैया मैं नहिं माखन खायो"?

छ- घोड़ा देखकर किसको बड़ा आनंद आता था?

प्रश्न 8- निम्नलिखित में से किन्हीं 4 प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में दीजिए। 8

क- बाबा भारती कहाँ रहते थे? वहाँ क्या करते थे?

ख- रहीम ने थोड़े दिनों की विपदा को 'भली' क्यों कहा है?

ग- रामप्रसाद 'बिस्मिल' में जो कुछ जीवन तथा साहस आया, वह किसकी कृपा का फल था?

घ- राजा साहब किसका आदर करते थे?

ड.- अंत में, यशोदा ने श्रीकृष्ण को क्या किया?

च- चेतक कौन था?

प्रश्न 9- निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर तीन या चार वाक्यों में दीजिए। 6

क- रहीम ने सुई और तलवार के उदाहरण किस संदर्भ में दिए हैं?

ख- अंग्रेजों ने बिस्मिल के साथ कैसा व्यवहार किया?

ग- सुजानसिंह ने पंडित जानकीनाथ को दीवान पद के चयन का क्या कारण बताया?

घ- श्रीकृष्ण ने अपनी माँ को कैसे बताया कि उन्होंने माखन नहीं खाया ?

## खंड-घ (लेखन कार्य)

प्रश्न 10- निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 70-80 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए। 5

1-सुबह की सैर 2-मेरा देश

3-मेरे प्रिय पिता जी 4- मेरा रात्रि का सपना

प्रश्न 11- किसी एक विषय पर आकर्षक विज्ञापन बनाइए। 5

1-'घड़ी' 2-'नटराज पेंसिल'

3- 'साड़ियों की सेल' 4-'चाकलेट'

प्रश्न 12- माता तथा पुत्र के बीच में संवाद लिखिए। 5

अथवा

बहन तथा भाई के बीच में संवाद लिखिए।

****************